
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 30 मुरादाबाद 22 May 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अमित शाह बोले- अगले साल तक सुलझ सकता है असम और अरुणाचल सीमा विवाद



देवमालिक- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच अंतरराज्यीय सीमा विवाद अगले साल तक सुलझने की संभावना है। पूर्वोत्तर को उग्रवाद मुक्त बनाने की कोशिशें चल रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले आठ वर्षों के दौरान क्षेत्र के 9,000 आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अरुणाचल प्रदेश में रामकृष्ण मिशन के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बोडोलैंड की समस्या का समाधान हो गया है। अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच सीमा संबंधी 60 फीसद मुद्दों को भी सुलझा लिया गया है। केंद्र सरकार क्षेत्र में शांति और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अरुणाचल प्रदेश और असम की सरकारें अंतर-राज्यीय सीमा विवाद के सौहार्दपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए लगातार काम कर रही हैं। अरुणाचल प्रदेश में रामकृष्ण मिशन के स्वर्ण जयंती समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत में गुरू दक्षिणा की परंपरा बहुत पुरानी है पर किसी भी शिष्य ने अपने गुरू को इतनी बड़ी गुरू दक्षिणा नहीं दी होगी जो स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना करके परमहंस रामकृष्ण को दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और असम की सरकारें अंतर-राज्यीय सीमा विवाद के सौहार्दपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए काम कर रही हैं। पूर्वोत्तर के युवा अब बंदूकें और पेट्रोल बम नहीं रखते हैं। वे अब लैपटाप रख रहे हैं और स्टार्टअप शुरू कर रहे हैं। यह विकास का मार्ग है जिसकी परिकल्पना केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र के लिए की है। असम के बोडोलैंड क्षेत्र में विद्रोह और उग्रवाद को बोडो शांति समझौते के माध्यम से सुलझाया गया है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में हरियाणा के पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला दोषी करार, 26 मई को सुनाई जाएगी सजा



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आय से अधिक संपत्ति मामले में शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने चौटाला को दोषी करार दिया है। अदालत में 26 मई को सजा पर बहस होनी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार को हुई इस सुनवाई के दौरान ओम प्रकाश चौटाला कोर्ट रूम में ही मौजूद रहे। इससे पहले 19 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में सीबीआई ने 26 मार्च, 2010 को चौटाला के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और उन्हें 1993 से 2006 के बीच कथित रूप से उनकी वैध आय से काफी अधिक 6.09 करोड़ रुपये की संपत्ति जुटाने के लिए जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, चौटाला परिवार इन आरोपों को हमेशा से ही राजनीति से प्रेरित बताता रहा है। बता दें कि, साल 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की 3 करोड़ 68 लाख की संपत्तियों को जब्त किया था। इन संपत्तियों में ओम प्रकाश चौटाला के फ्लैट, प्लॉट और जमीन शामिल थे। जब्?त की गईं संपत्तियां नई दिल्ली, पंचकूला और सिरसा में स्थित हैं। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज स्न्ह्वक्र को लेकर हुई थी। चौटाला जेबीटी भर्ती घोटाले में पिछले साल जुलाई में ही तिहाड़ जेल से रिहा हुए थे। अब उन्हें एक बार फिर जेल जाना पड़ सकता है। कोर्ट के फैसले के बाद उनके समर्थकों में मायूसी छा गई है। बता दें कि, इससे पहले ओम प्रकाश चौटाला, उनके बेटे अजय चौटाला और कई अन्य लोगों को साल 2000 में तीन हजार से ज्यादा जूनियर बेसिक शिक्षकों की गैर कानूनी तरीके से भर्ती करने के मामले में सजा सुनाई गई थी। इस मामले में पूर्व सीएम को 10 साल की जेल की सजा हुई थी। शिक्षक घोटाला मामले में अपनी सजा पूरी करने के बाद चौटाला पिछले साल ही दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा हुए थे। ताऊ देवीलाल की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे चौटाला हरियाणा की राजनीति में कद्दावर नेता माने जाते हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश, बोले- फील्ड पर उतरकर अधिकारी अवैध पार्किंग व स्टैंड पर करें कठोरतम कार्रवाई



लखनऊ- उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अवैध वाहन स्टैंड व पार्किंग संचालकों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की तैयारी में है। आज टीम-09 के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में उतरें। शासन स्तर के विभागीय अधिकारी जिलों में जाकर जांच करें। कोविड टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषप्रद है। 32 करोड़ 31 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18+ आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 91.22 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। यह संतोषप्रद है कि 15-17 आयु वर्ग के 96 प्रतिशत किशोरों और 12 से 14 आयु वर्ग के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक समय से दिया जाए। 18+ आयु के लोगों को बूस्टर डोज दिए जाने में तेजी की अपेक्षा है। बूस्टर डोज की महत्ता और बूस्टर टीकाकरण केंद्रों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 874 है। विगत 24 घंटों में 01 लाख 07 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 123 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 152 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू की जाए। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हर विकास प्राधिकरण/नगरीय निकाय में टाउन प्लानर की तैनाती की जाए। परियोजनाओं का निर्धारण करते समय आगामी 50 वर्षों की स्थिति को ध्यान में रखें। अवैध कॉलोनियों को विकसित न होने दें। अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड आदि को तत्काल समाप्त कराया जाए। ऐसे स्टैंड पर अवैध वसूली और माफिया/आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों की संलिप्तता होती है, इनकी पहचान कर बिना विलम्ब कठोरतम कार्रवाई की जाए। पार्किंग की स्थायी जगह सुनिश्चित करें। सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को समाप्त करना होगा। स्थानीय प्रशासन के अधिकारीगण व्यापार मंडलों के साथ संवाद कर इसका समाधान सुनिश्चित कराएं। पटरी व्यवसायियों के लिए स्थान का चिन्हांकन करते हुए उनके पुनर्वास की विधिवत व्यवस्था की जाए। व्यापारियों से संवाद बनाकर यह सुनिश्चित कराएं की हर दुकान अपनी सीमा के भीतर ही हो। यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में उतरें। शासन स्तर के विभागीय अधिकारी जिलों में जाएं। पार्किंग, यातायात आदि की व्यवस्था का आकलन करें। स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर व्यापारियों से संवाद करें। पशुपालन विभाग की कार्यवाही में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विभाग में शासन स्तर के अधिकारियों को जिलों के नोडल अधिकारी के रूप में फील्ड में भेजा जाए। जिलों में जाएं, गो-आश्रय स्थलों में व्यवस्था की पड़ताल करें, भूसा बैंक बनवाएं। डेयरी सेक्टर से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ने के लिए नियोजित प्रयास करें। गो-तस्करी जैसे जघन्य अपराध में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। पाइपलाइन डाली जा रही है। इसी प्रकार स्मार्ट सिटी के कार्य भी हो रहे हैं जहां पाइपलाइन डाली जा चुकी है, वहां बरसात से पहले पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों को भर दिया जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो। नालों की सफाई का कार्य भी समय से कर लिया जाए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मारहरा के कल्याणी गर्ल्स डिग्री कालेज में हुआ दो दिवसीय राज्यस्तरीय आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मारहरा- 34वीं राज्यस्तरीय दो दिवसीय आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन कल्याणी गर्ल्स डिग्री कालेज में शनिवार को शुरू हो गया। पहले दिन दर्जनों प्रतियोगियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश आर्म्स रेसलिंग एसोसिएशन एवं इंडियन आर्म्स रेसलिंग फेडरेशन के तत्वाधान में 34 वीं उत्तर प्रदेश राज्यस्तरीय पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारम्भ मारहरा एसओ सत्यपाल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन लगभग 75 से अधिक प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगी अपने हुनर का कौशल दिखाते हुए एक दूसरे पर भारी पड़ते दिखाई दिये। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश यादव ने बताया कि जनपद में इस प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है। प्रतियोगिता में मेरठ, बागपत, शामली, बिजनौर एंव सोनभद्र समैत लगभग 30 जनपदों की टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। इसके अलावा उत्तर- प्रदेश पुलिस की टीमें भी हिस्सा ले रहीं हैं। प्रतियोगिता में लगभग दो सैकड़ा प्रतियोगी प्रतिभाग कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला, जूनियर, सीनियर, विकलांग एवं मास्टर श्रेणियों में आयोजित की जा रही है। जिसमें विभिन्न वजन वर्ग के प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतियोगी आगामी 31 मई से 6 जून के बीच हैदराबाद में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन उत्तर प्रदेश आर्म्स रेसलिंग एसोसिएशन के सचिव डा0 प्रवीनसिंह ने किया। एसोसिएशन तकनीकि अध्यक्ष डा0 राहुल, राकेश अंचल दद्दा, इलियास अहमद, रैफरी मोहित, सामर्थ्य, आसिफ, कल्याणी गर्ल्स डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य सतेन्द्र यादव, एसके कालेज एटा के खेल विभाग के एचओडी प्रदीप कुमार यादव, चरनसिंह, सुरेन्द्रसिंह, सुनील यादव, चैधरी एनपीसिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, अजय कुमार, योगेश मुद्गल एंव सचिन यादव मौजूद रहे।

# महिला कांस्टेबल द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाकर पत्रकार को झूठे केस में फसाने की धमकी दे कराया मुकदमा दर्ज पत्रकार ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से लागई न्याय की गुहार



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- महानगर के नामचीन पत्रकार सत्यवीर सिंह यादव पर महिला कांस्टेबल द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाकर पत्रकार को झूठे केस में फसाने का आरोप लगाकर हाथरस गेट थाने में कराया मुकदमा दर्ज आपको अवगत करा दें कि पत्रकार सत्यवीर सिंह ब्यूरो चीफ जनपद अलीगढ़ से समाचार पत्र राष्ट्रीय खबर के लिए समाचार संकलन का कार्य कर रहे हैं। जिनके खिलाफ हेड कांस्टेबल ने ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए थाना हाथरस गेट में मुकदमा पंजीकृत कराया है पत्रकार सत्यवीर सिंह अपने आप को निर्दोष बताते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक को एक तहरीर के माध्यम से संबंधित प्रकरण की सत्यता जानकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है महोदय प्रकार की निष्पक्ष दोबारा से जांच कराकर कार्रवाई करने की कृपा करें जिससे पत्रकार अपने कार्य को निष्पक्ष और निडर होकर कार्य कर सकें

# पेट्रोल 9.5 रुपए और डीजल 7 रुपए हुआ सस्ता, केंद्र ने घटाई एक्साइज ड्यूटी



केंद्र सरकार ने शनिवार को आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर क्रमशः 8 और 6 रुपए एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया है। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर कम हो जाएगी। इसके अलावा केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये प्रति गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देने का ऐलान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। अभी क्या है रेट- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 96.67 रुपये प्रति लीटर है। हालांकि, अब उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद दिल्ली में रविवार को पेट्रोल की अनुमानित कीमत 95.91 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। वहीं, डीजल की बात करें तो अनुमानित कीमत 89.67 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। हो रहा था विरोध- दरअसल, पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढ़ने के अलावा रसोई गैस की कीमतें भी लगातार बढ़ी हैं। इसकी वजह से लोगों के बजट पर बुरा असर पड़ रहा था। इसको देखते हुए तमाम जानकार एवं विपक्षी दल ईंधन कीमतों में कटौती की मांग कर रहे थे। गैस सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) की सब्सिडी देंगे। इससे हमारी माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। देश में सबसे महंगा पेट्रोल महाराष्ट्र के परभणी में 123.46 रुपए प्रति लीटर था, जबकि डीजल आंध्र प्रदेश के चित्तूर में 107.61 रुपए प्रति लीटर। वहीं, सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्ट ब्लेयर में 91.45 रुपए और डीजल 85.83 रुपए लीटर था। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 105.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 96.67 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 120.51 रुपए लीटर और डीजल 104.77 रुपए लीटर बिक रहा है। हालांकि, अब एक्साइज ड्यूटी में कटौती के बाद देशभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो जाएंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- मॉडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र बिकवा घाट पुल के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगो ने सीएचसी इकौना में एंबुलेंस से लाकर भर्ती कराया गया है। जनपद गोंडा थाना इटियाथोक ग्राम सादिकपुरवा निवासी गुलजार अली पुत्र नवाब अली उम्र लगभग 27 वर्ष बाइक से चैनपुर गांव थाना मॉडर्न श्रावस्ती की ओर आ रहा था। दोपहर 2 बजे के करीब बिकवा घाट पुल के पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने लापरवाही पूर्वक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोगों ने डायल 112 पुलिस व एंम्बुलेंस की मदद से सीएचसी इकौना मे भर्ती कराया गया। परिवारी जनों की सूचना देने के बाद सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सक ने बाइक सवार की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया।


# पुलिस अधीक्षक ने थाना इकौना का किया आकस्मिक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा थाना इकौना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ-साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। थाना पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों से वार्तालाप की गई तथा सभी को बताया गया कि थाने पर जो भी आगंतुक महिलाएं शिकायत लेकर आए उनकी समस्या को सरलता पूर्वक सुना जाए एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारी सहित संबंधित को अवगत कराया जाए तथा अपने कार्यों/दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन करें। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों को बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, परिसर आदि का भ्रमण किया गया। इस दौरान अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई व लम्बित माल मुकदमाती वाहनों/मालों के निस्तारण हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## चोरी गया इंजन (पंपिंग सेट) बरामद अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह थाना सिरसिया मयटीम द्वारा थाना सिरसिया पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 119/2022 धारा-379,411 भा0 द0 वि0 से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर चिल्हरिया गुलरा मार्ग पर चैलाही के निकट स्थित कबाड़ की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का इंजन (पंपिंग सेट) बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की चैलाही के निकट कबाड़ की दुकान है।

## राजीव गांधीकी शहादत को "शहीद दिवस" के रूप में मनाया,वक्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के बहुत ही सरल स्वभाव को याद किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भारत रत्न शहीद पूर्व प्रधानमंत्री माननीय राजीव गांधी 21 मई 1991 को हुई शहादत को 卐शहीद दिवस卐 के रूप में मनाया वक्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के बहुत ही सरल स्वभाव को याद किया राजीव गांधी अमर रहे के नारे लगाए और भारत के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया वह भारत को बहुत ही उच्च कोटि तकनीक वाला देश निर्माण करना की सोच रखते थे। अध्यक्षता भाषण में श्री असलम खुर्शीद ने कहा कि हमारे शहीद राजीव गांधी जी ने भारत के लिए सुपर कंप्यूटर की व्यवस्था करके देश को डिजिटल तकनीकी दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने की नींव रखी आज इलेक्ट्रॉनिक तकनीक मोबाइल फोन कंप्यूटर के कार्य डिजिटल तकनीक की भारत आगे बढ़ा है स्वर्गीय राजीव गांधी जी दूरजनसूचना तकनीक के नायक हैं। देश उनके नवीन तकनीक सोच के कारण बहुत मजबूत हुआ है और उन्हें याद करता रहेगा। सभी कांग्रेस जनों ने शहीद राजीव गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री असलम खुर्शीद जी ने की संचालन राजेंद्र बाल्मीकि ने किया। शहादत दिवस में मुख्य रूप से अनूप दुबे,अफजल साबरी,गयूर अंसारी, इरशाद हुसैन, राजेंद्र वाल्मीकि,मौहतसीम मुख्तार, भयंकर सिंह बौद्ध, कमर कदीर इरम,गौरव त्रिवेदी, विवेक अग्रवाल,मोहम्मद जुनेद पार्षद,जोगिंदर सिंह,सलमान हुसैन,मोहम्मद नाजिम,शहजाद खा,हैदर अली अंसारी,मोहम्मद हनीफ,सुरेश चंद सक्सेना,गुलाम हुसैन,आदि शामिल रहे।

WWW.KNLSIVE.COM

## फोन पर अज्ञात नंबर से अधिवक्ता महिला से 5 लाख की फिरौती की मांग



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- फोन पर अज्ञात नंबर से अधिवक्ता महिला से 5 लाख की फिरौती की मांग, मांग पूरी अधिवक्ता ने पुलिस से की शिकायत मुरादाबाद कचहरी परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब अनजान नंबर से आई कॉल ने अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती की मांग की है जिसके बाद अधिवक्ता ने मंजू ने सिविल लाइन पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनको एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और उसने उनसे 5 लाख की फिरौती मांग की है वही वही मांग पूरी न करने पर 3 दिन के अंदर कचहरी परिसर पर अपहरण करने और सर में गोली मारने तक की धमकी दी है

जिसके बाद अधिवक्ताओं ने एसएसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन वहीं इस मामले को लेकर पुलिस से सुरक्षा मांग आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की है तो वहीं इस मामले को लेकर सीओ सिविल लाइन आशुतोष तिवारी ने जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान



दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोड़े। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) ( jansunwai.up.nic.in से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। शिकायतों प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## कोविड-19 के रूप में काम करने वाले सदस्यों को सीएमओ ने किया सम्मानित




मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद में कम्युनिटी एक्शन ग्रुप सदस्य के रूप में कोविड-19 कार्यक्रम का किया गया आयोजन कोविड-19 के रूप में काम करने वाले सदस्यों को सीएमओ ने किया सम्मानित शनिवार को रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीएमओ एमसी गर्ग नें बताया कोविड-19 के समय में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया और कहा कि जैसा की विदित है (कम्युनिटी एक्शन ग्रुप) सदस्य के रूप में कोविड-19 कार्यक्रम में सराहनीय एवं अमूल्य योगदान दिया गया वही संबंध में कार्यकर्ताओं द्वारा कोविड-19 की रोकथाम में दिए गए सहयोग के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु, कोर पीसीआई पानी एक आभार समारोह का आयोजन कर रहा है। इसआभार समारोह में आपकी गरिमयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में स्टाफ मौजूद रहा इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुरादाबाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ एमसी गर्ग ने बताया कि जो भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने कोबिट के समय महत्वपूर्ण कार्य किया है उन सभी आज कर्मचारियों को हमारे द्वारा आज सम्मानित किया है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Till when fake encounter

Not only have questions been raised again on the police, but there has also been a recommendation to punish the guilty policemen. The panel constituted by the Supreme Court in the infamous encounter case of Hyderabad has clearly stated in its report that the encounter in Hyderabad was fake and the guilty policemen should be tried for murder. This recommendation of the Supreme Court panel means a lot for the country. In the year 2019, four accused of raping and murdering a female doctor in Hyderabad were claimed by the police to be killed in an encounter. Even then questions were raised on the police. The police had taken the accused to the spot, but what happened suddenly that the four accused had to be killed? It is also to be noted that then such policemen were respected by the common people like some heroes. Flowers were showered in the honor of the policemen and it was also said that justice should be like this. But now the Supreme Court panel has investigated and made milk of milk and water of water. Now after seeing the report of the panel in further hearing, the final decision is to be taken by the Supreme Court. This matter is also serious because ten policemen can be punished in this alleged encounter. Ten policemen will face murder case. If such a large number of policemen are punished together, then it will be a big incident for that India, where the pace of police reform is very slow. Despite several reprimands and complaints, the functioning of the police has not improved substantially. The panel has made it clear that it was claimed by the police that the accused of rape and murder had snatched the pistol from them and tried to run away, but the police could not prove their claim. Were the four unarmed accused freed by the police by taking them to the spot? Were the four accused given a chance to escape first? Was it the only option to kill all four instead of shooting them in the legs? Is it the job of the police to punish straight away? In the Hyderabad case, the police have violated their limits. Common people should also take lessons from such cases. The police cannot be given a free hand to punish. If people take the side of autocratic police, they will harm themselves. Police encounters have always been under question, it is not easy to tighten them on the test of logic and justice. In February last, the government had told the Lok Sabha that a total of 655 police encounter-murders have taken place in the country in the last five years, with Chhattisgarh recording the highest number of such cases at 191. There have been 117 such incidents in Uttar Pradesh, 50 in Assam, 49 in Jharkhand, 36 in Odisha. There have been 22 incidents of encounter in Bihar during the same period. Can any knowledgeable or sensitive police officer claim that all these encounter incidents are true? The killing of such a large number of people in custody or encounter is not only sad but also shameful. The bravery or constitutionality of the administration is in that their actions are completely in the public interest. To make the police disciplined and proud in the world is as essential as the economic development of the nation.

www.knlslive.com


# Kiara Advani was having food at the wedding, the old lady came and said such a thing

Kiara Advani spoke candidly about her fan following and how she handles her success. In an interview, Kiara Advani told that after working in Kabir Singh, she felt the first wave of love from the fans. He told how people were recognizing him when he went out without a mask after the restrictions of Kovid-19 were lifted. Along with this, he also told how an elderly woman had come to meet him at a wedding."When did you feel fandom for the first time? - In conversation with Pooja Talwar, Kiara Advani said, 'Kabir Singh was released in the year 2019 and then for the first time I felt the wave of fans' love and all these things. After about 1 year, the pandemic came and we were walking around wearing masks, we could come and go to the airport without being recognized by wearing masks. When they lifted the ban for the first time in two years, I had forgotten about all that. When Kiara was having food at the wedding, Kiara Advani said, 'I went without a mask and then I realized that people are actually recognizing me. I had forgotten all that (Kabir Singh's time).' Kiara Advani said, 'The very next day, I was at a wedding and this very lovely elderly lady came to meet me. There were a lot of people who were coming to take pictures with me, I was having food, I thought I should put the plate and make them happy by taking a picture with that old lady.'"The woman said - not to be photographed but... - Kiara Advani told, 'That old woman told him - listen, I do not want to be photographed etc. but I just want to say that I liked you very much in that film, and She was just going on talking. I liked it very much. This was the moment I wanted to save for the rest of my life. Kiara Advani's film Bhool Bhulaiyaa 2 has recently released in which she has been seen opposite Kartik Aaryan."More about this source textSource text required for additional translation information"Send feedback"Side panels



# Akshay Kumar jumped into the language dispute, said- 'Our fleet got hurt...'

The language controversy, which started with Bollywood actor Ajay Devgan and Kannada actor Kichcha Sudeep, is not taking its name. Now Prithviraj actor Akshay Kumar has also jumped in this debate. Talking on South vs Bollywood, Akshay Kumar agreed that Bollywood movies are not doing well at the box office as compared to regional blockbusters. Akshay Kumar says, 'I hope that soon there will be a time when every film will do well at the box office, this is important for the Hindi film industry. Fingers Crossed! Because I don't know what will happen, and the word 'pan India' is beyond my comprehension.' The actor further says, look, I do not believe in this division. I get annoyed when someone says 'this is from the south industry and this from the north industry'. We are all from the same industry. That's what I believe. I think we should stop asking this question too. Taking forward his point, Akshay said, 'We have not learned anything from our history and the British also took advantage of dividing people on the basis of religion and language. It's important to understand... that's why our fleet was in turmoil when the British came and said, Yeh-Yeh Hai and Who-Woh. They divided us and we never learned from it. We still don't understand this part. The day we start understanding that we are one, things will get better. Speaking on this controversy, Akshay Kumar says, 'Why can't we call ourselves an industry, and we need to divide it by calling it 'Uttar or Hindi'. Why is it of course? Then they will talk about the language, and then there will be a debate on it. We all have a good language We all speak our mother tongue, and it is beautiful. There is no need to make it an issue.



## पुलिस कर्मियों को दिलाई आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा शान्ति, सामाजिक, सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने की शपथ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पुलिस कार्यालय तथा जनपद के सभी थानों पर मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस, एसएसपी एटा ने पुलिस कार्यालय पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को दिलाई आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा शान्ति, सामाजिक, सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने की शपथ। भारत भर में 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यानी 21 मई 1991 को देश के 7वें प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरुंबुदूर में लिट्टे के एक मानव बम द्वारा हत्या कर दी गई थी। तभी से राजीव गांधी के सम्मान और उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आज का दिन आतंकवाद विरोधी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय हितों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों, आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रही परेशानियों, आतंकी हिंसा से दूर रखना है। यह दिन देश के सभी वर्गों के लोगों के बीच आतंकवाद और हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने और उसका लोगों, समाज और देश पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताने के लिए मनाया जाता है। इसी क्रम में आज दिनांक 21 मई 2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय एटा पर आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा शान्ति, सामाजिक, सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने की शपथग्रहण कराई गई। उक्त मौके पर प्रतिसार निरीक्षक एटा श्री हरपाल सिंह तथा अन्य पुलिस बल उपस्थित रहा।

## राजीव गांधी जी की शहादत दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा जिला कांग्रेस कार्यालय पर दूरसंचार क्रांति के जनक भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की शहादत दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गंगा सहाय लोधी शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि संगठन के उपाध्यक्ष पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनिल सोलंकी पूर्व ब्लाक प्रमुख गीतम सिंह राजपूत महारेरा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी तारा राजपूत जलेसर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी नीलम राज सेवा दल के वरिष्ठ नेता अरुणेश गुप्ता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता देवी ज्योति सोलंकी जिला उपाध्यक्ष राम कुमार सक्सेना अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रियाज अब्बास सकीट ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सविता जयकुमार जितेंद्र राजपूत अरविंद कश्यप आदि लोग उपस्थित थे

## निस्तारण के अभियान के तहत 54 वाहनों का किया गया निस्तारण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अलीगंज पुलिस द्वारा जब्त वाहनों के निस्तारण के अभियान के तहत 54 वाहनों का किया गया निस्तारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद एटा में अपर मुख्य सचिव गृह ( पुलिस ) अनुभाग-13 के पत्र संख्या-462( 1 )/6-पु-13-2022 दिनांक 01.04.2022 के क्रम में चलाये जा रहे माल निस्तारण के अभियान के क्रम में दिनांक 20.05.2022 को तहसीलदार अलीगंज तथा क्षेत्राधिकारी अलीगंज की उपस्थिति में थाना अलीगंज के 54 वाहनों की 2 लाख 3 हजार रुपया में नीलामी करायी गयी तथा वाहनों की नीलामी से प्राप्त धन को राजकोष में जमा किया जाएगा।

## तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अवैध खनन करते हुए पकड़े 13 ट्रैक्टरों में से 06 ट्रैक्टरों को किया गया सीज़

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में उप जिलाधिकारी अलीगंज मानवेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ अवैध खनन को लेकर बड़ी कार्यवाही की है। उप जिलाधिकारी अलीगंज ने पुलिस बल के साथ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भ्रमण कर अवैध खनन करते हुए 13 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इसमें 07 ट्रैक्टर मिट्टी से भरे पाए गए, तो वहीं 06 ट्रैक्टर खाली मिले। उप जिलाधिकारी द्वारा 06 खाली ट्रैक्टरों का चालान किया गया, साथ ही साथ मिट्टी से भरे 07 ट्रैक्टर पर आवश्यक विधिक कार्रवाई करने हेतु खनन निरीक्षक को निर्देश दिए हैं। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन की मंशा है कि क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन नहीं होना चाहिए, यदि कहीं पर खनन होते पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता द्वारा शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में शाम को पैदल गश्त के दौरान थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एआरटीओ प्रशासन, निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली नगर, एसएसआई कोतवाली नगर ,समस्त चौकी प्रभारी व सभी कोबरा मोबाइल को साथ लेकर अलीगंज चौराहा जीटी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया तथा लोगों को यातायात संबंधी नियमों के बारे में जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधी सावधानी बरतने तथा हेलमेट एवम् सीट बेल्ट आदि के प्रयोग के बारे में जागरुक किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जैथरा में फिर गरजा बाबा का बुलडोजर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जैथरा में फिर गरजा बाबा का बुलडोजर। सपा नेता रामेश्वर सिंह यादव के मौसेरे भाई पूर्व प्रधान जयवीर सिंह यादव की तीन दुकानों को किया ध्वस्त। एटा-जनपद की अलीगंज तहसील के थाना व कस्बा जैथरा में बाबा का बुलडोजर आज फिर गरजा। बाबा के बुलडोजर की जद में बताते हैं कि सपा नेता रामेश्वर सिंह यादव के मौसेरे भाई खेतूपुरा के पूर्व प्रधान जय वीर सिंह यादव की दुकानें बताई जाती है। शुक्रवार को दोपहर एकाएक पुलिस के दल बल के साथ बुलडोजर पूर्व प्रधान की दुकानों पर आ गया। जिसका दिशा निर्देश नायव तहसीलदार कर रहे थे।और बुलडोजर द्वारा भारी पुलिस बल के साथ उक्त प्रधान की तीन दुकानों को ढहा दिया गया।पूर्व प्रधान सिविल जुडिशल के इक्कीस तारीख की बात को चिल्लाता रहा मगर प्रशासनिक अधिकारियो ने उसकी किसी बात को नहीं सुना और अनसुना करते हुए दुकानें ध्वस्त करने का कार्य जारी रखा। जैथरा में इस तरह की कार्रवाई से लोगों में दहशत व्याप्त है।

## अपर पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा किया गया वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अपर पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा किया गया वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण। आज दिनांक 20.05.2022 को भारत/ राज्य सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों में उनकी मदद हेतु प्रत्येक जनपद में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है शासन के निर्देशानुसार पीड़ित महिलाओं बालिकाओं को मानक के अनुरूप सुविधाओं को परखने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता द्वारा जिला चिकित्सालय एटा स्थित वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती नंदनी प्रभारी निरीक्षक महिला थाना एटा, वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर श्रीमती ललिता सिंह तथा इनके साथ अन्य स्टाफ से नौ लोग मौजूद मिले तथा तीन महिला कांस्टेबल भी वन स्टॉप सेंटर जिला चिकित्सालय एटा में मौजूद मिली

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना के प्रथम किस्त की राशि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से हितग्राहियों के खाते में किया राशि का अन्तरण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत हितग्राहियों और किसानों को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राशि का अंतरण किया। सूरजपुर कॉलेज ग्राउंड के इनडोर स्टेडियम के ऑडिटोरियम में विडियों क्रान्फेसिंग का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पहली किस्त जिले के 51064 किसानों के खाते में 42.50 करोड़ रुपये सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। इसके साथ राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के 3002 हितग्राहियों को 1 करोड़ 19 लाख 88 हजार रूपए की राशि उनके खातों में अंतरित की एवं गोधन न्याय योजना के तहत 907 किसानों को 5 लाख 30 हजार 788 रुपए सीधे हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मराबी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री के.के. अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंहदेव, जिला सदस्य, जनप्रतिनिधि, भगवती राजवाड़े, इस्माल खान, बिहारी कुलदीप, विद्यासागर, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, पुलिस अधिक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन श्री अशोक उपाध्याय ने किया वहीं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने किया।

# एनीकट, व्यपवर्तन एवं जलाशय योजना के लिए भूमि अधिग्रहण के तहत 19 हितग्राहियों को 58.27 लाख से अधिक का मुआवजा वितरित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले में तीन सिंचाई योजनाओं मसूरीखार एनीकट, दर्री व्यपवर्तन और सोनकछार जलाशय योजना के लिए भूमि अधिग्रहण के तहत 19 हितग्राहियों को 58 लाख 27 हजार से अधिक का मुआवजा वितरित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रारोड श्री पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि जिले में सिंचाई रकबा बढ़ाने के लिए विभिन्न जलाशयों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए भू-अर्जन और मुआवजा वितरण की कार्यवाई चल रही है। इसी क्रम में ग्राम गौरखेड़ा में सोनकछार जलाशय योजना के लिए भू-अर्जन के तहत मायावती को 5 लाख 13 हजार रूपए और कुनिया को 3 लाख 32 हजार रूपए का मुआवजा दिया गया है। ग्राम खंता में मसूरीखार एनीकट योजना के तहत भू-अर्जन के लिए अमरसिंह को 1 लाख 29 हजार, सुन्दरलाल को 77 हजार रूपए और रमेशसिंह को 5 लाख 29 हजार मुआवजा दिया गया है। इसी तरह ग्राम बरवासन में दर्री व्यपवर्तन योजना के लिए भू-अर्जन के तहत कल्याण सिंह को 2 लाख 51 हजार, गणेश सिंह को 2 लाख 8 हजार, देवशरण को 4 लाख 52 हजार, रूखमणी उदय को 1 लाख 39 हजार, बुद्ध सिंह को 2 लाख 69 हजार, ध्यानवती को 51 हजार रूपए, मोतीसिंह बेदसिह, सुन्दर बाई को 1 लाख 5 हजार, मोटेसिंह को 2 लाख 97 हजार, शिवमंगल सिंह, देवसिंह, रामकुंवर को 2 लाख 88 हजार रूपए, सुशीला, मनीसा, सुभद्रा को 6 लाख 34 हजार रूपए, होरीलाल को 2 लाख 60 हजार रूपए, चतुरसिंह को 2 लाख 17 हजार रूपए, बेलपति को 2 लाख 88 हजार रूपए और दलवीर को 7 लाख 80 हजार रूपए का मुआवजा वितरित किया गया।

# प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर: कलेक्टर ने नगरीय निकाय में संचालित शिविर का किया औचक निरीक्षण

## नगर पंचायत गौरेला में आयोजित शिविर में प्राप्त 46 आवेदनों में से 20 निराकृत

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज नगर पंचायत गौरेला और नगर पंचायत पेंड्रा में चल रहे प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर की उपस्थिति में नगर पंचायत गौरेला के वार्ड क्रमांक 7 और 8 के लिए अग्रसेन भवन में चल रहे शिविर स्थल में दिव्यांग हितग्राही श्री सहान सिंह को बैटरी चलित ट्राई साइकिल प्रदाय किया गया। नगर पंचायत गौरेला में आयोजित शिविर में प्राप्त 46 आवेदनों में से 20 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर किया गया, भाग को नागरिकों से प्राप्त राशन कार्ड संबंधित आवेदन, विद्युत विभाग को नए कनेक्शन तथा लो वोल्टेज संबंधी आवेदनों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उनके द्वारा नगर पंचायत पेंड्रा में वार्ड क्रमांक 4 और 5 के लिए सामुदायिक भवन मे आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों को आम नागरिकों से प्राप्त शिकायत, मांग संबंधी आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने नगर पंचायत को पेयजल, साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाईट से संबंधित आवेदन तेजी से निराकृत करने तथा रोड, नाली निर्माण से संबंधित आवेदनों को विभागीय स्वीकृति कराने के लिए प्रेषित करने कहा। उन्होने शिविर में उपस्थित सभी विभागों को अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारियां पांप्लेट्स आदि के माध्यम से आमजन को उपलब्ध कराने कहा। इसके साथ की उनके द्वारा नगर पंचायत पेंड्रा में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चल रहे मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मचारियों को नागरिकों को उचित स्वास्थ्य जांच और सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, ग्रामीणजन, अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया हितग्राहियों को चेक का वितरण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इंडोर स्टेडियम स्टेडियम सूरजपुर में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के तहत लाभान्वित किसानों एवं हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत श्री राम सुंदर राजवाड़े को 32200 रुपये, श्री छत्रधारी को 10360 रुपए, श्री गोपाल को 24080 रुपए, श्री शिव नारायण 30576 रुपए, श्री शिवप्रसाद को 4592 रुपए सहित अन्य को राजीव गांधी किसान योजना के तहत डेमो चेक का वितरण किया। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने श्री सहस राम, श्री दिलबोध राम, श्री सुरेश, श्री बबलू राम, सोमर साय सहित लगभग 22 हितग्राहियों को कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रमाण पत्र वितरण किया। इसी तरह गोधन न्याय योजना के तहत लाभान्वित किसानों एवं हितग्राहियों विमला देवी को 2600 रुपए, सरिता राजवाड़े को 2000 रुपए, कचना दास को 1320 रुपए, प्रकाश कुमार कुशवाहा को 3860 रुपए, कयासों बाई को 396 रुपए का चेक का वितरण किया। सभी लाभान्वित हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य शासन श्री भूपेश बघेल के कल्याणकारी योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम में श्री पारसनाथ राजवाड़े संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक भटगांव, श्री खेलसाय सिंह अध्यक्ष सरगुजा विकास प्राधिकरण छ.ग. शासन एवं विधायक प्रेमनगर विधानसभा, श्रीमती राजकुमारी मरावी अध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर एवं श्री के.के. अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सूरजपुर , कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा, एसपी राम कृष्णा साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं किसान उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय नवापारा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- स्वामी आत्मानंद शास. उ.अं.मा. विद्यालय नवापारा सूरजपुर में सत्र 2022-23 मे कक्षा 06 से 11 तक प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 21 मई को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक विद्यालय में किया गया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 425 है जिस पर परीक्षा में 238 उपस्थित एवं 187 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में वीक्षण का कार्य विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त वीक्षको के द्वारा संपन्न कराया गया। साथ ही उन्ही वीक्षको से मूल्यांकन का कार्य कराया गया। परीक्षा में उपलब्ध सीटों की संख्या से अंग्रेजी माध्यम के आवेदनों की संख्या काफी ज्यादा होने से केवल अंग्रेजी माध्यम के आवेदकों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अभिभावकों में प्रवेश परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। परीक्षा सम्पन्न करने में संस्था के प्राचार्य शंभू प्रसाद निषाद एवं श्रीमती विणा रवि, श्री दुष्यंत कुमार राजवाड़े, श्री बालेन्द्र साहू, सुश्री विशाखा गर्ग, श्री संजय कुमार साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।